CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 325 ▫ रायपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी का मामला सदन में गूंजा, दोषियों पर कार्रवाई

**रायपुर,** 19 दिसंबर (हाईवे चैनल)। विधानसभा में आज डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने एक सड़क निर्माण में गड़बड़ी के मामले में 5 लोगों को निलंबित करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने ठेकेदार से वसूली करने और उसके खिलाफ एफआईआर करने की भी घोषणा की है। मामला दंतेवाड़ा जिला का है। यह मामला सदन में प्रश्नकाल के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया। उन्होंने पूछा था कि जिला निर्माण समिति, दंतेवाड़ा अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत कोरकोट्टी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम हिरोली से हेल्प सेंटर तक पहुंच मार्ग भाग-1 व 2 की टेंडर/रिटेंडर कब-कब हुआ और इसकी लागत राशि कितनी है कार्यादेश कब हुआ एवं उसकी एजेंसी व प्रोपाईटर का नाम, पता सहित बतायें योजनांतर्गत मिट्टी कार्य अनुबंध के तहत् कितने घनमीटर की दर से किया जाना था और कितने दर से किया किया गया और कितनी लागत आयी सड़क निर्माण अंतर्गत अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुयी है यदि हां, तो क्या-क्या अनियमितता पायी गयी और उसके जिम्मेदार कौन हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही, किनके द्वारा की गयी

इस पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डी.एम.एफ. मद में स्वीकृत नहीं है अपितु यह कार्य जिला निर्माण समिति को विशेष केन्द्रीय सहायता मद में स्वीकृत है। बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मुख्यमार्ग से कोरकोटी तक (भाग- 01 से 13 तक), तथा बी.टी. सड़क निर्माण कार्य मड़कामीरास से हिरोली हेल्थ सेन्टर तक 3.50 कि.मी. (भाग 01), बी.टी. सड़क निर्माण कार्य हिरोली हेल्थ सेन्टर से हिरोली कैम्प डोकापारा तक 3.50 कि.मी. (भाग 02) है। मंत्री ने इस मामले में शिकायत मिलने की बात स्वीकार की। बताया कि प्रथम स्तरीय जाँच कलेक्टर दन्तेवाड़ा के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व की अध्यक्षता में 05




सदस्यीय टीम गठित कर करायी गई है, जिसकी भौतिक सत्यापन में अर्थवर्क, जी.एस.बी., डामरीकरण कार्य, डब्ल्यू.बी.एम. एवं सोल्डर कार्य, पुलिया सह रिटेनिंगवाल में अनियमितता का उल्लेख है। चंद्राकर ने पूरक प्रश्न में भुगतान को लेकर पूछा, उन्होंने जानना चाहा कि क्या ठेकेदार को अधिक भुगतान किया गया है। इस पर मंत्री ने लागत दर से कम भुगतान की जानकारी दी। इसके बाद मंत्री ने बताया कि शिकायत के आधार पर 5 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।ईई अनिल राठौर सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके विरुद्ध जांच की जा रही है। कार्यपालन अभियंता दामोदर सिंह सिदार निलंबति करके विभागीय जांच की जाएगी। तारेश्वर दिवान एसडीओ निलंबित करके विभागीय जांच की जाएगी। आरबी पटेल सहायक अभियंता निलंबित करके विभागीय जांच की जाएगी। एक उप अभियंता का निधन हो गया है। रविकांत सारथी उप अभियंता को निलंबित किया जा चुका है। ठेकेदार के खिलाफ वसूली और एफआईआर का आदेश हो गया है। इस मामले में सवाल जवाब के दौरान चंद्राकर ने भ्रष्टाचार छिपाने का आरोप लगाया, जिस पर मंत्री ने भी तीखा पलटवार किया। इसकी वजह से सदन में हंगामा खड़ा हो गया। मामले में स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि दोनों तरफ से टोन नीचे रखना चाहिए। यहां माइक लगे हैं धीरे बोलने पर भी आवाज पहुंच जाती है।

### अस्पतालों में फायर सेफ्टी के मामले को लेकर सत्ता पक्ष के ही विधायक ने घेरा

प्रदेश में संचालित शासकीय एवं निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी का मामला आज विधानसभा में गूंजा। सत्ता पक्ष की ओर से ही किए गए सवालों से स्वास्थ्य मंत्री जमकर घिरे। भाजपा विधायक ने पूछा कि वर्तमान में कितने अस्पतालों का फायर ऑडिट हुआ है, जिस पर विभागीय मंत्री ने जल्द ही सभी अस्पतालों का फायर ऑडिट कराने की घोषणा सदन में की। भाजपा विधायक धरमजीत सिंह ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि वर्तमान में प्रदेश में कितने पंजीकृत अस्पताल है और उनमें से कितने का फायर ऑडिट किया गया है। जहां फायर सुरक्षा नहीं है उन अस्पतालों पर क्या कार्रवाई की गई है। भाजपा विधायक ने सदन में यह भी बताया कि फायर ऑडिट का प्रमाणपत्र मात्र दो हजार रुपए में मिल जाते हैं । उन्होंने विभागीय मंत्री से पूछा कि क्या अगले दो महीने में सभी अस्पतालों का फायर ऑडिट कराकर जहां इसका पालन नहीं किया उस पर कार्रवाई करेंगे। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश में 1129 अस्पतालों के पंजीकरण होने की जानकारी देते हुए कहा कि फायर ऑडिट उनके विभाग का मामला नहीं है। यह गृह विभाग के अधीन आता है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि नर्सिंग एक्ट में संशोधन कर क्या निजी अस्पतालों को फायर सेफ्टी के दायरे में लाया जाएगा। इसके जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगामी दिनों सभी निजी अस्पतालों का का फायर ऑडिट कराने की घोषणा सदन में की।

## क्षेत्रीय विमान सेवा छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम : साय





**रायपुर,** 19 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर आज शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है ।रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है। इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपये है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और आज वह सपना साकार हो रहा है। सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है द्य माँ महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को थ्री सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है । यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है।

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोड़ने की योजना पर भी काम जारी है।हमारे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें, और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाड़ियां, और एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से निवेश का माहौल भी बेहतर होगा। हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अगले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ को विमानन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नया साल आने वाला है, और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस नई विमान सेवा का लाभ उठाएं और सरगुजा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें। फ्लाई बिग चार्टर कंपनी 19-सीटर ट्विन औटर विमानों के माध्यम से इन शहरों के लिए सेवाएं देगी। विमान टेकऑफ़ को वाटर सेल्यूट दिया गया। आज प्रारंभ हुई विमान सेवा के पहले यात्री के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज सपत्नीक सवार हुए, जिनको मुख्यमंत्री साय ने बोर्डिंग पास देकर कहा कि आज आपने इतिहास बना दिया। आप इस रूट के पहले यात्री है, आपको शुभकामनाएं। इस अवसर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु, संचालक विमानन विभाग संजीव झा, फ्लाई बिग कंपनी के

## कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मारे गए

**नई दिल्ली,** 19 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मारे गए और घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ के बाद कम से कम पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार रात जिले के बेहिबाग इलाके के कद्दर में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया, क्योंकि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। मारे गए आतंकवादियों की पहचान यासिर जावेद, आदिल हजाम, मुश्ताक इटू, इरफान लोन और आसिफ शेख के रूप में हुई है। नवंबर में, किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) ने अपनी जान दे दी थी। केशवान के जंगलों में हुई मुठभेड़ में तीन अन्य सैनिक भी घायल हो गए थे,

## ब्रेकिंग न्यूज

### अंबेडकर मुद्दे को लेकर कांग्रेस अमित शाह के खिलाफ सड़क पर उतरे

**नई दिल्ली,** 19 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बाबा साहब अंबेडकर को लेकर अमित शाह की टिप्पणी के बाद में लगातार बवाल मचा हुआ है। इस मामले में राजनीतिक बवाल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच कांग्रेस इस मामले पर अधिक हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने देश भर में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहे है। प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस ने देशभर में प्लान तैयार किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटियों (पीसीसी), राज्य और जिला इकाइयों ने डिस्ट्रिक्ट ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। आंबेडकर पर टिप्पणी के बाद से ही कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा है। इस टिप्पणी के बाद मामला काफी गंभीर हो गया है। यह तक कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट करना पड़ा।

### 30000 फीट ऊंचाई से गिरा विमान...जमीन से टकराते हुआ क्रैश, जिंदा जलने से मारे गए लोग

**नई दिल्ली,** 19 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सोशल मीडिया पर एक खौफनाक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 30,000 फीट की ऊंचाई से एक विमान जमीन पर गिरता दिखाई दे रहा है। अर्जेंटीना के सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर चैलेंजर 300 विमान हादसे का शिकार हो गया। विमान के गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटों ने इसे चपेट में ले लिया। हादसे में पायलट और को-पायलट जिंदा जल गए। पुलिस के मुताबिक, विमान पुंटा डेल एस्टे से लौट रहा था और वापस उड़ान भरते समय पायलट ने नियंत्रण खो दिया।




चूहा- सुनती हो, संसद में आज पक्ष-विपक्ष के बीच धक्का-मुक्की हो गई।
चुहिया- हां जी, नई संसद में अखाड़ा के लिए सुविधाजनक जगह है।

## नक्सल सप्लाई लाइन को लेकर एनआईए की छापेमारी, भैरमगढ़, आवापल्ली में मौजूद है टीम




**बीजापुर,** 19 दिसंबर (हाईवे चैनल)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नक्सली गतिविधियों की आपूर्ति और समर्थन श्रृंखला की जांच के तहत छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के चार अलग-अलग क्षेत्रों में छापे मारी की है। बताया जा रहा है ये कार्यवाही कल सुबह 5 बजे शुरू हुई और इसमें भैरमगढ़, अवापल्ली और तर्रेम जैसे स्थानों को कवर किया गया।

बता दें कि इससे पहले, एनआईए ने पालनार इलाके में अभियान चलाया था, जिसके परिणामस्वरूप कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई और नक्सल-संबंधी सामग्री बरामद हुई। ये अभियान क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों का समर्थन करने वाले रसद और परिचालन नेटवर्क को नष्ट करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। एनआईए की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और पड़ोसी इलाकों में सक्रिय नक्सली समूहों के प्रभाव और संसाधनों पर अंकुश लगाने की है।

## गर्भवती महिला को अस्पताल ले जा रही वाहन पलटी, एक 1 की मौत 4 घायल



**सूरजपुर,** 19 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. एक गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के दौरान बोलेरो वाहन पलट गई. इस घटना में 1 अधेड़ महिला की मौत हो गई और गर्भवती महिला समेत 4 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है.

जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन गर्भवती महिला को भैयाथान से अस्पताल ले जा रहा था. इसी दौरान बसदेई चौकी क्षेत्र के सिरसी गांव के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे पलट गई. इस हादसे में अधेड़ महिला समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और 2 को मामूली चोटें आई हैं. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान ही अधेड़ महिला ने दम तोड़ दिया. वहीं घायलों में से 2 को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है. जबकि गर्भवती महिला और अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है. अस्पताल में अधेड़ महिला की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस इस घटना की जांच में जुटी हुई है.

## सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली,** 19 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश बिजली विभाग ने गुरुवार को संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान के परिसर में बिजली उपयोग में अनियमितता के लिए एफआईआर दर्ज की। बिजली विभाग सांसद के घर पर बिजली मीटर की जांच करने गए बिजली विभाग के अधिकारियों को धमकाने के मामले में भी एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रहा है। बिजली विभाग की टीम सांसद के आवास पर नए मीटर का लोड जांचने के लिए जिया उर रहमान बर्क के घर पहुंची। इससे पहले बिजली विभाग ने रहमान के घर के परिसर में बिजली उपयोग में अनियमितता को चिन्हित किया था।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि सांसद के परिसर में दो बिजली कनेक्शन हैं। कुमार ने कहा, एक कनेक्शन सांसद जिया उर रहमान के नाम पर पंजीकृत दो किलोवाट का है, जो संपत्ति के सामने स्थित है। दूसरा कनेक्शन उनके दादा शफीकुर रहमान बर्क के नाम पर है। अधिकारी ने कहा दूसरे मीटर पर नाम उनके दादा की मृत्यु के बाद अपडेट नहीं किया गया था। अब हम उस मीटर को सील कर रहे हैं और इसकी स्थिति की प्रयोगशाला जांच के लिए नोटिस जारी कर रहे हैं। जांच संबंधित पक्षों की उपस्थिति में की जाएगी और पारदर्शिता के लिए प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।

## राहुल गांधी पर संसद परिसर में सांसद को धक्का देने का आरोप, भाजपा सांसद प्रतापचंद्र सरांगी घायल




**नई दिल्ली,** 19 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में आज भी भारी हंगामा हुआ और लोकसभा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले संसद परिसर में सत्तारुढ़ एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने एक दूसरे पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गये। इस बारे में प्रताप चंद्र सारंगी ने कहा, राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे ऊपर गिर गया जिसके बाद मैं नीचे गिर गया। घायल सांसद को सुरक्षाकर्मी व्हील चेयर पर बैठा कर ले गये। वहीं राहुल गांधी ने अपनी सफाई देते हुए कहा, मैं संसद के प्रवेश द्वार से अंदर जाने की कोशिश कर रहा था, तो भाजपा सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे. मुझे धमका रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संसद का प्रवेश द्वार है और हमारा अंदर जाने का अधिकार है. मुख्य मुद्दा यह है कि वे संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं।

बीजेपी के एक और सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए, उनकी हालत बेहद गंभीर है। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मुकेश राजपूत फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से सांसद हैं। ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सिंह सारंगी ने भी अस्पताल में भर्ती हैं।

जहां तक भाजपा सांसदों के प्रदर्शन की बात है तो आपको बता दें कि संसद परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की। अब ये संविधान के रक्षक बनने का एक पाखंड रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आजीवन बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया. अगर किसी ने संविधान को जीवंत रूप में भारत में लागू किया है, तो वो प्रधानमंत्री मोदी हैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 17 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा में बी आर अंबेडकर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गुरुवार को एक विशेषाधिकार नोटिस प्रस्तुत किया। शाह द्वारा की गई टिप्पणी संविधान के निर्माता का अपमान है और यह सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना है।